HINDI

18 सितंबर, 2023

2023-24 का स्कूल वर्ष लगातार हैरत में डाल रहा है। DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (*DCSD*) स्कूलों और समुदाय का दौरा करते हुए और उनके साथ गतिविधियों में शामिल होते हुए, मुझे हमारी उपलब्धियों और हमारे विद्यार्थियों, परिवारों और स्टाफ को समर्थन देने की योजनाओं के बारे जान कर बहुत गर्व और खुशी महसूस होती है।

सबसे पहले तो मैं हमारे हालिया H-PRIDE-प्रमाणित स्कूलों का ऐलान करना चाहूंगा: Barack H. Obama एलिमेंटरी मैग्नेट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, Columbia एलिमेंटरी, Montgomery एलिमेंटरी, Chapel Hill मिडिल, Champion मिडिल, Chamblee मिडिल, और Chamblee हाई स्कूल। यह शानदार समूह उन स्कूलों की सूची में शामिल हो गया है जो H-PRIDE सिद्धांतों के लिए समर्पित हैं, यानी: *मानवीकरण, व्यावसायिकता, सम्मान, सत्यनिष्ठा, गरिमा* और *सहानुभूति*। हमारे डिस्ट्रिक्ट नेतृत्वकर्ताओं, स्कूल व्यवस्थापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ में इन मूल्यों को प्रोत्साहित करके हम मज़बूत संबंधों की स्थापना करते हैं और अपने सभी कार्यों में असाधारण सफलता हासिल करते हैं।

पिछले सप्ताह आयोजित बोर्ड की बैठक में, Southwest DeKalb हाई स्कूल के कोच Bob Mullen को 2023 के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ बॉयज़ हाई स्कूल ट्रैक एंड फील्ड कोच के तौर पर चुने जाने के लिए सम्मानित किया गया। यूएस ट्रैक एंड फील्ड और क्रॉस-कंट्री कोचेज़ असोसिएशन द्वारा प्रस्तुत यह पुरस्कार कोच Mullen को उनकी टीम की उपलब्धियों के अलावा उनके नेतृत्व कौशल और उनके विद्यार्थी-खिलाड़ियों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के उनके समर्पण के लिए दिया गया था। कोच Mullen को इस सुयोग्य सम्मान के लिए हमारी ओर से बहुत-बहुत बधाई!

हम Avondale, Austin, Dunaire, इंटरनेशनल कम्युनिटी, लीडरशिप प्रेप, McLendon, Montgomery, म्यूज़ियम, Oak Grove और Vanderlyn के एलिमेंटरी स्कूलों को भी बधाई देना चाहते हैं। इन स्कूलों को हमारे राज्य अधीक्षक Richard Woods द्वारा साक्षरता में शानदार उपलब्धि के लिए लिट्रेसी लीडर्स बैनर्स से सम्मानित किया गया है।

हमारे असाधारण शिक्षकों, स्कूल नेतृत्वकर्ताओं, माता-पिता, स्कूल बोर्ड सदस्यों और सबसे महत्वपूर्ण, यानी हमारे विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। यह सम्मान उनके स्कूलों में शानदार साक्षरता संस्कृति को बढ़ावा देने के उनके समर्पण का सबूत है। हम राज्य शिक्षा बोर्ड के सभी सदस्यों, सिनेटरों और प्रतिनिधियों को उनके अटूट समर्थन के लिए भी धन्यवाद करते हैं।

साक्षरता एक मूल कौशल है जो कि लोगों को सशक्त बनाता है और अनंत संभावनाओं के द्वार खोलता है। साक्षरता को बढ़ावा देने में इन एलिमेंटरी स्कूलों की उपलब्धियां सच में शानदार है और तारीफ के काबिल हैं। हम उन सभी की सराहना करते हैं जो हमारे विद्यार्थियों में पठन के प्रति प्यार और अकादमिक रूप से सफल होने के लिए ज़रूरी कौशल जगाने के लिए अथक प्रयास करते हैं।

एक बार फिर से, Avondale, Austin, Dunaire, इंटरनेशनल कम्युनिटी, लीडरशिप प्रेप, McLendon, Montgomery, म्यूज़ियम, Oak Grove और Vanderlyn के एलिमेंटरी स्कूलों को साक्षरता नेतृत्वकर्ताओं के

तौर पर सम्मानित किए जाने के लिए बधाई। हमारे डिस्ट्रिक्ट में ऐसे असाधारण स्कूलों की उपस्थिति से हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है और हम साक्षरता में उत्कृष्टता की राह पर निरंतर सफलता की कामना करते हैं।

मैं Stonecrest शहर और मेयर Jazzmin Cobble को $1.2 मिलियन का दान डिस्ट्रिक्ट को देने के लिए विशेष रूप से "धन्यवाद" करना चाहूंगा। यह फंड Stonecrest शहर की सीमाओं के भीतर 12 DCSD स्कूलों को संरक्षण सेवाएं देने के साथ-साथ कोविड-19 से प्रभावित लोगों में आत्म-जागरूकता और विश्राम को बढ़ावा देने के लिए "*ज़ेन डेन*" बनाने में मदद करेगा। बेशक, यह शानदार पहल हमारे समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी।

कोविड-19 से याद आया, कृपया जान लें कि DCSD द्वारा Dekalb काउंटी और आसपास के इलाकों में सूचित मामलों की करीब से निगरानी की जा रही है। बीमारी के चलते अनुपस्थिति में बढ़ोतरी होने की की स्थिति में, संक्रमण के फैलाव को नियंत्रित करने के लिए हम निम्नलिखित उपायों के अनुसरण का सुझाव देते हैं:

- सभी स्टाफ और विद्यार्थी बीमार होने की स्थिति में घर पर रहें।
- बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर कोविड-19 और फ्लू की जांच कराएं।
- सांस और हाथों की धुलाई से जुड़े नियमों का पालन करें।
- सभी स्टाफ और विद्यार्थी कोविड-19 और फ्लू के टीके लगवाएं।

कोविड-19 से जुड़े रुझानों पर अधिक जानकारी पाने के लिए यहां इस लिंक पर क्लिक करें।

आज की बात समाप्त करने से पहले, हम Druid Hills हाई और Dunwoody हाई के बीच 8 सितंबर को होने वाले फुटबॉल मैच को रद्द कर 9 सितंबर को Adam's स्टेडियम में आयोजित करने के लिए माफी चाहते हैं। हम जानते हैं कि इस फैसले से मैच से जुड़े खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, कोच और परिवारों को निराशा और परेशानी का सामना करना पड़ा होगा; हालांकि, आपको बता दें कि डिस्ट्रिक्ट के तौर पर रेफरियों के कार्यक्रम पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता है। इसकी व्यवस्था Georgia हाई स्कूल असोसिएशन द्वारा की गई है।

हम इस मैच से जुड़े सभी पक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में इस प्रकार से मैच रद्द किए जाने और किसी नए समय पर आयोजित किए जाने की घटना दोबारा से न हो। हमारा लक्ष्य हमारे खेलकूद के कार्यक्रमों के सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को सहज और मज़ेदार अनुभव प्रदान करना है। इस फैसले से हुई किसी भी असुविधा के लिए हम माफी चाहते हैं और आपके धैर्य की सराहना करते हैं।

हमारे स्कूलों, विद्यार्थियों, स्टाफ और समुदाय का समर्थन करने के लिए आपका धन्यवाद। आपका सप्ताह शुभ हो!